प्रकाशनार्थ

29 सितंबर, 2024 गोरखपुर

**रक्तदान भी राष्ट्रभक्ति :- डॉ. अवधेश अग्रवाल**

गोरखपुर। भारत में काकोरी ट्रेन एक्शन के 100 वर्ष पूर्ण हुए हैं। इस स्मृति के उपलक्ष्यप में उत्तर प्रदेश व सम्पूर्ण भारत में शताब्दी महोत्सव मनाया जा रहा है। इसी शृंखला में आज गुरु श्री गोरक्षनाथ ब्लड बैंक में नागरिक सुरक्षा,गोरखनाथ प्रखण्ड,गोरखपुर के तत्वा्वधान में रक्तरदान शिविर का आयोजन हुआ।

इस पावन अवसर पर अपने विचार व्यक्त करते हुए ब्लड बैंक प्रभारी एवं उप मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. अवधेश अग्रवाल ने कहा कि काकोरी ट्रेन एक्शन की स्मृति में जिन लोगों ने रक्तपदान किया है वे अत्यंरत पूण्य के भागी हैं। उनके रक्ता से किसी न किसी को जीवनदान मिलेगा। रक्त दान भी राष्ट्रअभक्ति है। हमें निरंतर रक्तभदान करते रहना चाहिए।

इसी क्रम में रक्तदान शिविर के प्रभारी डिवीजनल वार्डेन, कोतवाली विकास जालान ने कहा कि आज हम सभी काकोरी ट्रेन एक्शन स्मृति के शताब्दी वर्ष कों मना रहे हैं। उन्होंहने युवा वार्डेन साथियों से क्रांतिकारियों के सपनों का भारत के निर्माण में योगदान के लिए आह्वान किया। चीफ वार्डेन डॉ संजीव गुलाटी ने कहा कि नागरिक सुरक्षा के एक-एक वार्डेनों को समाज में जवानों की तरह सक्रिय भूमिका निभानी होगी। एक-दूसरे के सुख-दु:ख में शामिल होना चाहिए। समाज को नई दिशा देने में योगदान देकर एक सशक्त राष्ट्रु का निर्माण हम लोग कर सकते हैं।
उप नियंत्रक, सत्य प्रकाश सिंह ने संबोधित करते हुए कहाकि भारत देश ने अनेक झंझावतों का सामना किया है, इसके बावजूद विश्वं के मंच पर लगातार अपना लोहा मनवा रहा है। हमें आजादी को अक्षुण्ण रखने हेतु सतत सतर्क रहना होगा।
वरिष्ठ सहायक उपनियंत्रक वेद प्रकाश यादव ने भी अपने विचार व्य क्तो किए।
इस अवसर पर ब्लड बैंक अधिकारी, डॉ.ममता जायसवाल ने बताया कि रक्तनदान शिविर में नागरिक सुरक्षा कोर के उपनियंत्रक सत्य प्रकाश सिंह,रीमा सिंह,सहायक

उपनियंत्रक वेद प्रकाश यादव,डॉ उमेश चन्द्र श्रीवास्तव,डॉ. विजय श्रीवास्तव,गुरमिन्दर कौर,सुरेश गुप्ता, सतीश आर्या, सौरभ सिंह, वन्दना राय, हुमेरा खातून,मो. कैफ सहित 111 रक्तदाताओं ने रक्तरदान किया है। पूरे ब्लसड बैंक परिवार के लिए हर्ष का विषय है। उन्हों ने लोगों से नियमों का पालन करते हुए रक्तादान हेतु आह्वान किया।

शिविर में ब्लड बैंक प्रभारी डॉ अवधेश अग्रवाल व टीम को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन ब्लगड बैंक टेक्निकल सुपरवाइजर अमित मिश्रा ने किया ।

ब्लड बैंक के टेक्नीशियन चन्द्रेश्वर यादव, गिरीश पाठक,तूलिका श्रीवास्तव ,निधि नायक,गार्गी, निकिता,सतीश, कौशल, आशीष, हर्ष, वार्डेन सेवा से डॉ.शरद श्रीवास्तव,नैय्यर आलम, डॉ ए.के. सिंह, रागिनी जायसवाल का सहयोग सराहनीय रहा।

अतिथियों, वक्तारओं व रक्तवदाताओं के प्रति आभार ज्ञापन निदेशक कनरल डॉ अरविन्द कुशवाहा ने किया ।